तापमान

अधिकतम 15 .6 डिग्री
न्यूनतम 4.4 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, शनिवार 24 जनवरी 2026

11 हिसार में पहली बार 1 फरवरी से शुरू होगी भक्तमाल कथा



12 पुलिस अलर्ट, डॉग स्क्वायड के साथ सार्वजनिक स्थानों पर...



## खबर संक्षेप

### 7.5 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक टीम ने बीड़ नहर टी-प्वाइंट के पास एक व्यक्ति को 7.5 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंद्र सिंह ने बताया कि टीम ने गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर काबू किया था। पूछताछ में उसने अपना नाम बीड़ निवासी आकाशदीप उर्फ फिड्डा बताया। तलाशी में उसके पास एक पॉलीथिन में रखी 7.5 ग्राम हेरोइन, 40 हजार रुपये नकद व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लेकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने उक्त हेरोइन पीरावली निवासी एक व्यक्ति से खरीदी थी। पूछताछ के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### 'ध्यान जीवन का वसंत' पर ध्यान सत्र कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 25 जनवरी को ध्यान जीवन का वसंत विषय पर ध्यान सत्र होगा। ध्यान सत्र की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में साधकों को जीवन के असली बसंत से साक्षात्कार करवाया जाएगा। स्वामी संजय व मां सांची साधकों को ध्यान विधियों से रूबरू करवाते हुए उनका अभ्यास भी करवाएंगे। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि मानव जीवन के विविध रंग हैं। यदि इंसान आंतरिक वसंत का महत्व समझकर उसे आत्मसात कर ले तो फिर उसे खुशहाल व आनंदमय होने से कोई नहीं रोक सकता।

## वसंत पंचमी पर झमाझम बारिश, अधिकतम-न्यूनतम पारे का अंतर घटा

अगले 72 घंटे में शीत लहर शीत दिवस और कोहरे के साथ ठंड का तिहरा प्रहार

# 10 एमएम बरसात में दिन के पारे ने लगाया 8.3° का गोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से वसंत पंचमी के दिन हिसार और आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश हुई, जिससे मौसम में एकाएक बदलाव देखने को मिला। करीब 10 मिलीमीटर बारिश के चलते दिन के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को हिसार का अधिकतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 4.4 डिग्री कम है।

गुरुवार को जहां अधिकतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं शुक्रवार को इसमें 8.3 डिग्री की गिरावट आई। हालांकि रात्रि के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि गुरुवार को यह 4.6 डिग्री था।

दिन और रात के तापमान में अब महज 3.3 डिग्री का अंतर रह गया है। बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं, उन्हें अच्छी पैदावार की उम्मीद है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में क्षेत्र में शीत लहर, शीत दिवस और घने कोहरे के साथ ठंड का तिहरा प्रहार देखने को मिल सकता है।



हिसार। बारिश के बाद किसानों के खेतों में लहलहाती सरसों की फसल।

### बारिश फसलों के लिए फायदेमंद

हिसार व आसपास के क्षेत्रों में अलसुबह हुई बारिश रबी की फसलों के लिए फायदेमंद बताई जा रही है। बारिश से गेहूं तथा सरसों की फसल लहला उठी। किसानों का कहना है कि यह बारिश फसलों के लिए अमृत के समान साबित हुई है। इस बारिश के बाद अच्छी पैदावार की आस बढ़ गई है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते हुई बारिश के कारण एशिया की सबसे बड़ी ऑटो मार्केट के अंदर तथा बाहर जलभराव हो गया। ऐसे में वाहनों चालकों को वहां से आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। जलभराव के कारण ऑटो मार्केट के दुकानदारों और मिस्त्रियों को सबसे ज्यादा दिक्कत आई। इसके अलावा शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

### 26 जनवरी को फिर बदलेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते हिसार समेत प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश तथा बूंदाबांदी की गतिविधियां देखने को मिला। अगले 72 घंटे में हिसार व आसपास के इलाकों में सुबह के समय सघन से अति सघन कोहरा देखने को मिलेगा और सम्पूर्ण इलाके के दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी जिससे अधिकतर स्थानों पर कोल्ड डे, शीत दिवस की स्थिति के साथ रात्रि और दिन के तापमान में भी भारी गिरावट देखने को मिलेगी। इससे शीत लहर की गतिविधियों की संभावना बन रही है। यानी हाड़ कंपा देने वाली ठंड का तिहरा अटैक देखने को मिलेगा और ठंड का सिलसिला जारी रहेगा। 26 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से एक बार फिर से मौसम में बदलाव और तापमान में उतार चढाव की गतिविधियों की संभावना बन रही है।

### तेज हवाओं के साथ रात को मौसम ने ली करवट

गुरुवार को एक मध्यम श्रेणी का सशक्त पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से हिसार व हांसी जिले में आज अलसुबह हल्की से मध्यम बारिश एवं बूंदाबांदी की गतिविधियां शुरू हो गई। सम्पूर्ण जिला में उमड़ घुमड़ कर बारिश की गतिविधियों को दर्ज किया गया। कुछ स्थानों पर 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज गति की हवाओं चलने से मौसम में ठंडक घुल गई। इस सीजन में दिसंबर महीना बिल्कुल शुष्क बना रहा और जनवरी महीने की शुरुआत में हल्की बारिश बूंदाबांदी हुई उसके बाद लगातार हाड़ कंपा देने वाली ठंड का सिलसिला देखने को मिला।

### अच्छी पैदावार की उम्मीद

**नारनौंद।** गुरुवार के देर रात से ही रही बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। क्योंकि इन दिनों में बारिश का पानी फसल को मिल जाए तो फसलों में कोई बीमारी नहीं आती ओर पैदावार भी ज्यादा होती है। खेड़ी चोपटा के किसान साधु श्योराण, रामनिवास खेड़ी, सतपाल नंबरदार, महेंद्र जांगड़ा आदि ने बताया कि अभी तक जो बारिश हुई है उससे फसलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है बल्कि गेहूं और सरसों की फसल को फायदा पहुंचा है। क्योंकि हमारे क्षेत्र में ट्यूबेवल का पानी ज्यादा मीठा नहीं है और फसलों को अब मीठा पानी मिल गया जिसके कारण इसकी पैदावार ज्यादा होगी। फसलों में बीमारी भी नहीं आएगी। जिन किसानों ने खेतों में सब्जियां लगाई हुई थी उन्हें काफी लाभ पहुंचा है। बारिश के बाद सब्जी उत्पादन अधिक होगा। गांव राजथल के किसान जयबीर, रामनिवास ने बताया कि हमारे क्षेत्र में गेहूं की फसल की ज्यादा मात्रा बिजाई की हुई है। इन दिनों में फसल को पानी की जरूरत होती है अगर बारिश हो जाए तो सोने पर सुहागा होता है।

## जींद-हांसी मार्ग पर कार की टक्कर लगने से गई रेहड़ी चालक की जान



नारनौंद। गाड़ी की टक्कर लगने के बाद सड़क पर बिखरा हुआ सामान।

- रात को काम से लौटते वक्त हुआ हादसा, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की छानबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

जींद-हांसी सड़क मार्ग पर गुरुवार रात एक हादसे में गोलगप्पे की रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति की मौत हो गई। नारनौंद के वार्ड 7 निवासी 61 वर्षीय रामफल पिछले कई वर्षों से पुराने बस स्टैंड पर गोलगप्पे की रेहड़ी लगाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। गुरुवार रात काम समाप्त कर वह रेहड़ी लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के पास जींद की ओर से आ रही एक अज्ञात कार ने उसकी रेहड़ी को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में रामफल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रमेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

## साथ लगते गांवों का भी टैक्स काटने पर गुस्साए ग्रामीण, टोल फ्री किया

- बास थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कर टोल शुरू करवाया
- खराब मौसम के चलते ग्रामीणों की पंचायत स्थगित, समस्या का समाधान न हुआ तो जल्द दोबारा बुलाई जाएगी पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

गांव बास के टोल पर आसपास के करीब 14 गांवों के लिए टोल फ्री की सुविधा है, लेकिन पिछले एक सप्ताह से ग्रामीणों के टोल कटने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि फ्री लाइन से गुजरने के बावजूद उनके मोबाइल पर कुछ ही देर बाद टोल कटने का मैसेज आ जाता है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने टोल प्रबंधन से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इससे नाराज ग्रामीण गुरुवार रात को बास टोल पर पहुंच गए और टोल को फ्री करवा दिया। सूचना मिलने पर बास थाना प्रभारी बलवान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को शांत करवाया, जिसके बाद टोल दोबारा शुरू कराया गया। गांव के सरपंच प्रतिनिधि विनोद कुमार ने बताया कि शुक्रवार को इस मुद्दे पर पंचायत होनी थी, लेकिन खराब मौसम के कारण उसे स्थगित कर दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो पंचायत दोबारा बुलाई जाएगी।

## बुजुर्ग से मारपीट व गालियां देने के दोषी को छह माह की जेल

- भैंस के रुपये नहीं देने का आरोप लगाकर बिंडे व लातों से हमला कर की थी मारपीट

**हिसार।** एडीजे खत्री सौरभ की अदालत ने भैंस के पैसे देने के विवाद में 65 वर्षीय बुजुर्ग से मारपीट व जातिसूचक गाली देने के मामले में दौलतपुर निवासी संदीप को दोषी करार देकर छह माह की सजा सुनाई है। अदालत में चले अभियोग के अनुसार, फरीदपुर निवासी 65 वर्षीय भलेराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीमार रहने के कारण ज्यादातर घर पर रहता है और गुजर-बसर के लिए पशुओं की खरीद-फरोख्त करता है।

30 मार्च 2023 को वह अपनी बुढ़ापा पेंशन लेने पीएनबी, दौलतपुर की मुख्य शाखा गया था। शाखा बंद मिलने पर वह पास स्थित पीएनबी मित्र शाखा पहुंचा, जहां उसे पेंशन न आने का पता चला। वहां से निकलते ही दौलतपुर निवासी संदीप ने उसे घेर लिया और भैंस के पैसे न देने का आरोप लगाया। आरोपी ने जातिसूचक देते हुए उसके बाएं कंधे और दाहिने हाथ पर बिंडा मारा और लात मारकर पास के नाले में गिरा दिया। उस समय आरोपी शराब के नशे में था। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर बुजुर्ग को बचाया। जाते-जाते आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था, जिस पर अदालत ने यह फैसला सुनाया।




## रिश्तेदार बनकर दो लाख की साइबर ठगी, केस दर्ज

**हिसार।** साइबर ठग ने खरड़ गांव के सेवानिवृत्त बीएसएफ कर्मचारी का रिश्तेदार बनकर उससे दो लाख रुपये ठग लिए। पुलिस को दी शिकायत में 75 वर्षीय तेलूराम ने बताया कि वह बीएसएफ से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। 22 दिसंबर को उसके मोबाइल पर एक विदेशी नंबर से वॉट्सएप कॉल आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह विनोद बोल रहा है और आपके खाते में साढ़े 6 लाख रुपये डलवा दिए हैं, जिसकी रसीद भी भेज दी है। तेलूराम की साली का लड़का विनोद भी सऊदी अरब में रहता है। ठग ने उसी का नाम लिया, जिससे उसे लगा कि सच में उनका भांजा ही मदद मांग रहा है। इसके बाद ठग ने झांसा दिया कि उसे तुरंत पैसों की जरूरत है, इसलिए उन रुपयों में से दो लाख रुपए दिए गए यूनियन बैंक के खाते में ट्रांसफर कर दें।

बुजुर्ग तेलूराम अपने रिश्तेदार की मदद करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे। उन्होंने अपने खाते से ठग द्वारा बताए गए बैंक खाते में आरटीजीएस के जरिए दो लाख रुपये भेज दिए। पैसे भेजने के बाद जब तेलूराम ने अपनी साली से विनोद का नंबर लेकर बात की तो उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। विनोद ने बताया कि उसने कोई पैसे नहीं मंगवाए हैं। इसके बाद पीड़ित ने अपने पोते विक्रांत की मदद से तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल किया और पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।



शोरूम :- पीएलए मार्किट के सामने, रिलायंस फ्रैश के पास, दिल्ली रोड, हिसार, टेली. 1800 890 6026



# मातृभूमि गाने के टीजर में दिखी गलवां घाटी की झलक

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर काफी पहले रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को भाईजान ने अपनी फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' से जुड़ा एक टीजर साझा किया। सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के पहले गाने 'मातृभूमि'का जो टीजर शेयर किया है, उसकी शुरुआत में बैगुल की आवाज सुनाई देती है। आगे गलवां घाटी और भारत का झड़ा नजर आता है। यह टीजर 15 सेकेंड का है। 'मातृभूमि' गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। समीर अंजान ने इस गाने को लिखा है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने इसे गाया है।

## लाइफ Style

# मेधा

## लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे। अब 'बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।



## हॉलीवुड मसाला



# वन बैटल में दिखा गजब का एक्शन-थ्रिल

**लॉस एंजिल्स।** लियोनार्डो डिकैप्रियो की हॉलीवुड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में बस एक पिता का संघर्ष नहीं है, इस कहानी के जरिए अमेरिका के 60 और 80 के दशक को दिखाया गया है। कैसे उस दौर में अमेरिका बदल रहा था, कैसे अन्याय अपने चरम पर था। इस फिल्म में उस दौर की कई सामाजिक बुराइयों को भी दिखाया गया है। पॉल थॉमस एंडरसन निर्देशित इस फिल्म में गजब का एक्शन, थ्रिल देखने को मिला है। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें कई वास्तविक क्रांतिकारी समूहों से प्रेरणा ली गई है।



# सिनर्स ने बॉक्स ऑफिस पर वसूले थे 3255 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स फिल्म पिछले साल नॉर्थ अमेरिका में सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने वहां 280 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि विदेशों में 88 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस तरीके से इस फिल्म का कुल वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 368 मिलियन डॉलर (3255 करोड़) पहुंच गया है। जबकि फिल्म का बजट केवल 90–100 मिलियन डॉलर है। भारत में फिल्म की कमाई 12 करोड़ हुई थी। अगर आप ओटीटी प्लेटफार्म पर सिनर्स फिल्म को देखना चाहते हैं, तो आप जियो हॉटस्टार पर इस फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, फिल्म हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है। लेकिन, सबटाइटल के साथ फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इस फिल्म में माइकल बी. जॉर्डन लीड रोल में हैं।



# काले चश्मे में खूब जचीं करीना...

**मुंबई।** करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थे। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसी बीच करीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट में कैजुअल लुक में नजर आईं। करीना कपूर खान शुक्रवार को सुबह जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो पैपराजी ने जमकर फोटो क्लिक की। इस दौरान ब्लू जींस और रेड स्वेटशर्ट में करीना बेहद स्टाइलिश नजर आईं। इस लुक को करीना ने अपने ब्लैक सनग्लासेस से इनहैंस किया है। करीना के फैंस ने उनके इस लुक पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन हैं बेबो', एक दूसरे फैन ने पूछा, 'कब रिलीज हो रही है आपकी फिल्म 'दायरा।'




# बेटे को वर्दी में देख भावुक हो गए सुनील...

**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' के सीक्वल नें बेटे अहान शेट्टी के काम को देखकर सुनील शेट्टी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने 29 साल पहले जेपी दत्ता की मूवी में काम किया था। लेकिन, उनके किरदार की मौत हो गई थी, जिससे वह इस बार इसका हिस्सा नहीं बन सके। मगर लाडले के लिए उन्होंने भावुक पोस्ट किया है और मन की भावनाओं को खुलकर जाहिर किया है। एक्टर ने लिखा, मेरे बेटे, आज मैं तुमको बताता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने कैमरा के बंद होने के बाद भी निभाई। सालों बाद, तुमको वर्दी पहने देखने से ये बात साबित होती है कि ये सिर्फ नॉस्टैल्जिया नहीं है, बल्कि एक रिमाइंडर है। अनुशासन का, बलिदान का, मौन का और साहस का।'

## टीवी मसाला

# एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

**नई दिल्ली।** कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मज़ाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मज़ाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर'कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं। इसी वजह से वह अपने फैंस के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें बतौर एक्टर इतना प्यार दिया।



## लाफ्टर शेफ्स 3 में हुई नई एंट्री

**नई दिल्ली।** कुंकिग का कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। इस शो में 7 जोड़ियां यानी 14 कंटेस्टेंट्स हैं, जिनमें से अब 5 कंटेस्टेंट्स आपको 31 जनवरी के एपिसोड में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने अपनी किसी न किसी वजह से इस शो को बीच में अलविदा कह दिया है और उसकी जगह सावन ने ले ली है। जिसके बारे में होस्ट भारती सिंह ने बताया है। 'लाफ्टर शेफ्स 3' का फाइनल फेस ऑफ 24 जनवरी और 25 जनवरी को टेलीकास्ट होगा। जिसमें से टीम छूरी या फिर टीम कांटा में से कोई एक जीतेगा और उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी। इसके बाद 31 जनवरी को प्रसारित होने वाले एपिसोड में पांच पुराने सदस्यों को नए सदस्य रिप्लेस करेंगे और शो फिर से दिलचस्प हो जाएगा। ईशा मालवीय, ईशा सिंह, देबिना बनर्जी, विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी ने 'लाफ्टर शेफ्स 3' को छोड़ दिया है। अब उनकी जगह सावन यानी सुदेश लहरी, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी और निया शर्मा दिखाई देंगे। एल्विश यादव के पार्टनर अर्जुन बनेंगे और बाकी चारों जोड़ियो में पुराने सीजन की यादें ताजा करेंगे। इनके आने से फैंस भी बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। शो को छोड़ने वाले पांचों कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वो सभी उतने मिलनसार नहीं थे, जितने बाकी सब रहे। उन्होंने न तो ज्यादा स्टार्स जीते और न ही दर्शकों का उतना मनोरंजन किया, जिससे उनके जाने से किसी को फर्क पड़े।



# सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में साउथ के अभिनेता अजित कुमार की एक फिल्म दोबारा रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस जश्न मना रहे थे। साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते थे। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए। अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे थे। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया। आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश थे। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा थे। आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था।



# बॉर्डर 2 का दर्शकों पर चला जादू सनी के अभिनय का दिखा दम

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' पर नेटिजन्स के शुरुआती रिएक्शन देखकर साफ है कि इस फिल्म का जादू उन पर चल गया है। दर्शक पुरानी यादों में खो गए थे। कुछ दर्शक इसे 'बॉर्डर' से भी बढ़कर बता रहे थे। दर्शक इसे रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म बता रहे हैं और लिख रहे हैं कि इसे देखकर आंखें नम हो जाएंगी। सनी देओल के अभिनय का दम दिखा है। एक यूजर ने लिखा है, 'इस फिल्म को परिवार के साथ जरूर देखा जाना चाहिए। यह फिल्म देखते हुए थिएटर मानो किसी स्टेडियम में बदल जाता है। डायलॉग इतने दमदार हैं कि लोग सीटी बजाते हैं और तालियां गूंजती हैं'। फिल्म 'बॉर्डर 2' में सिर्फ सनी देओल ही नहीं, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत ने भी कमाल का काम किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'सनी देओल ने पर्दे पर आग लगा दी। वरुण धवन भी सरप्राइज करते थे। उनकी एक्टिंग देखकर ट्रोल करने वालों की बोलती बंद हो जाएगी। फिल्म का क्लाइमैक्स जबर्दस्त है'। यूजर कह रहे हैं कि फिल्म 'बॉर्डर 2', साल 1997 की 'बॉर्डर' को शानदार ट्रिब्यूट है। इमोशंस इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं, बस पहली वाली फिल्म से इसकी तुलना मत करिएगा। वहीं, एक यूजर ने लिखा है कि इस फिल्म में 'बॉर्डर 2' की विरासत को बहुत शानदार तरीके से संभाला गया है। फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा फिल्म का संगीत भी दर्शकों को पसंद आया है। 'मिट्टी के बेटे' सॉन्ग दर्शकों को सबसे दमदार लगा है। हालांकि, यह भावुक भी करता है। फिल्म देखकर लौटे दर्शक हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाहर निकल रहे थे। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी।



## गुंजन सक्सेना से लेकर नीरजा तक में दिखा नारी शक्ति का साहस


# कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं, जिनमें देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती हैं कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।

### गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल'में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

**तेजस** : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।



### परमाणु: द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आईं। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

**राजी** : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी'साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

### आर्टिकल 370

*दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।*

### नीरजा भनोट

*2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थीं।*

## खबर संक्षेप

### वसंत पचंमी पर छात्रों ने प्रस्तुतियों से मन मोहा

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को पीले फूलों एवं आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में मनाया पराक्रम दिवस

**उकलाना।** विद्या, ज्ञान, संगीत व कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित वसंत पंचमी तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वैदिक हवन व पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी गई।

### सफाईकर्मियों की मांग पूरी तरह जायज : दलबीर



**हिसार।** इनेलो के प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ नेता दलबीर किरमारा ने नगर निगम के बाहर धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों की मांगों की समर्थन करते हुए इन्हें फिर से काम पर लेने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सफाई का काम एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, ऐसे इन कर्मचारियों को स्थाई रूप से रखने की बजाय तीन या छह माह की कहकर रखना ही गलत था वहीं अब निकालना और भी गलत है। दलबीर किरमारा ने कहा कि नगर निगम के बाहर सफाई कर्मचारी पिछले काफी दिनों से धरने पर बैठे हैं और वे केवल काम मांग रहे हैं जो कि जायज है।

### जी राम जी विधेयक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को देगा मजबूती: बैनीवाल



**हिसार।** भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला कार्यकारी अध्यक्ष और 'विकसित भारत-जी राम जी' कार्यक्रम के जिला सह-संयोजक अजय बेनीवाल ने संसद में पारित नए 'विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) विधेयक, 2025' का स्वागत किया है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह विधेयक ग्रामीण भारत के पुनर्निर्माण और किसानों-मजदूरों की आय बढ़ाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

### मास्टर सत्यनारायण बने नामदेव सभा के प्रधान

**हिसार।** नामदेव धर्मशाला हिसार में हर वर्ष की भांति इस बार भी वसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। मास्टर सत्यनारायण को नामदेव सभा का प्रधान चुना गया। रामबिलास डाया व सुरेश कोहली को संरक्षक, भोला राम, रघुबीर सिंह पेटवाड़ व जवाहरलाल को उपप्रधान चुना गया।

## सात दिन चलेगी रासलीला, तीन दिन होगा हरि नाम संकीर्तन

# हिसार में पहली बार 1 फरवरी से शुरू होगी भक्तमाल कथा

11 फरवरी को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवचनों का कार्यक्रम रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते रवि यादव, रमेश गोयल व अन्य।

बालाजी महाराज की कृपा से गोविंद की गली परिवार, श्रीधाम वृंदावन के तत्वाधान में भजन शिरोमणी गोलोक वासी विनोद अग्रवाल की पावन स्मृति में एक फरवरी से 11 फरवरी तक अग्रसेन भवन के बड़े हाल में विशाल स्तर पर भक्तमाल कथा, रासलीला एवं हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

अग्रसेन भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में गोविंद की गली परिवार से जुड़े रवि यादव व रमेश गोयल ने दी। उनके साथ नौरंग राय गोयल, पवन गोयल, विक्रम सिंह, विनोद रहेजा, हिमांशु वर्मा, गौरव आदि भी उपस्थित रहे। संस्था के सेवादार रवि यादव ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि परम पूज्य गौरदास महाराज, श्रीधाम वृंदावन लगातार 10 दिनों तक रोजाना दोपहर बाद 2:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक भक्तमाल कथा के दौरान उच्च कोटि के विभिन्न भक्तों के चरित्रों का विस्तार से वर्णन करते हुए प्रवचन देंगे। 11 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवचनों का कार्यक्रम रहेगा। इनमें एक फरवरी को रैदास चरित्र, दो व तीन फरवरी को गोस्वामी तुलसीदास चरित्र, चार व पांच फरवरी को भरत चरित्र, छह फरवरी को माधवेंद्र पुरी महाराज का चरित्र, सात व आठ फरवरी को चैतन्य महाप्रभु चरित्र, नौ फरवरी को श्रीहित हरिवंश चरित्र, 10 फरवरी को श्रीहरि रामव्यास चरित्र व 11 फरवरी को युगल सरकार विवाह उत्सव का वर्णन किया जाएगा।

### वृंदावन के कलाकार करेंगे रासलीला का मंचन

संस्था के सेवादार रवि यादव व पवन गोयल ने बताया कि एक फरवरी से सात फरवरी तक रोजाना रात्रि 8 बजे से 10:30 बजे तक रासलीला दिखाई जाएगी। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित व श्रीनिकुंज बिहारी रासलीला मण्डल, वृंदावन के संस्थापक रहे गोलोकवासी स्वामी श्रीराम शर्मा के पुत्र व मंडल के निर्देशक कुंजबिहारी शर्मा (भैय्या जी) की देखरेख में 30 कलाकारों द्वारा रासलीला प्रस्तुत की जाएगी।

### संकीर्तन में नामी गायक देंगे प्रस्तुति

संस्था के सेवादार रवि यादव व विक्रम सिंह ने बताया कि आठ फरवरी से 10 फरवरी तक रोजाना रात्रि 8 बजे से 10:30 बजे तक हरि नाम संकीर्तन किया जाएगा जिनमें नामी गायकार भजनों की वर्षा करेंगे। इनमें आठ फरवरी को दिल्ली से सुश्री निकुंज कामरा, नौ फरवरी को मुंबई से जतिन अग्रवाल, दिल्ली से महावीर शर्मा व श्रीधाम वृंदावन से वैष्णाचार्य धीरज बावरा तथा संकीर्तन के अंतिम दिन 10 फरवरी को दिल्ली से राहुल चौधरी व सोनीपत से राजीव शास्त्री अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# ब्रह्मदर्शी संत उपरामानंद महाराज की स्मृति में भागवत कथा आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। ब्रह्मज्ञान मंदिर कुटिया में प्रवचन देते संत रामानंद। फोटो : हरिभूमि

शांति नंगर स्थित परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्मज्ञान मंदिर कुटिया में ब्रह्मलीन संत उपरामानंद महाराज का दिव्य ज्योति दिवस 29 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में शुक्रवार को प्रातः श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। संत रामानंद महाराज के सान्निध्य में शुरु हुई भागवत कथा से पूर्व पूजा-अर्चना की गई जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

संत रामानंद महाराज ने कथा का महात्मय बताते हुए कहा कि यह भागवत स्वरूप का अनुभव कराने वाला समस्त देवों का सार है। संसार में फंसे हुए जो लोग अज्ञान व अंधकार से पार जाना चाहते हैं, उनके लिए आध्यात्मिक तत्वों को प्रकाशित करने वाला यह अद्वितीय दीपक है। भागवत कथा अनंत है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण के प्रेमामृत में बहाया गया एक भी आंसू सौ यज्ञों के सामान है। 28 जनवरी तक रोजाना प्रातः 6 से 7:30 बजे तक व सायंकाल 3:30 बजे से 5:30 बजे तक सत्संग-कीर्तन किया जाएगा।

## सनातन धर्म मंदिर से धूमधाम से निकली निशान यात्रा

**हिसार।** सनातन धर्म मंदिर सभा, मॉडल टाउन में बने श्रीश्याम मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण से निशान यात्रा निकाली गई। मंदिर सभा के प्रधान सुरेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि महंत तुरंतपुरी महाराज, उज्जैन के सान्निध्य में धूमधाम से निकाली गई निशान यात्रा आसपास के क्षेत्रों से होते हुए वापिस मंदिर प्रांगण में पहुंची। मॉडल टाऊन सहित कई स्थानों पर श्याम भक्तों का जोरदार अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली, पार्षद डॉ. सुमन यादव, संजय डालमिया व जगमोहन मित्तल ने अतिथि के रुप में पूजा अर्चना में भाग लिया। निशान यात्रा के समापन पर संकीर्तन किया गया। इस अवसर पर अमित नांगरु, प्रदीप गोयल, नितिन कुकड़ेजा, रमन सेतिया, सुरेश बजाज, राधेश्याम सेतिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



हिसार। निशान यात्रा में भाग लेते श्याम भक्त।



हिसार। किरमारा धाम में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

## कुलदीप बिश्नोई ने लिया युगलगिरी महाराज का आशीर्वाद

- भाजपा नेता ने मंगाली गांव में किया स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज स्मृति भवन का उद्घाटन

**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई जिले के गांव किरमारा स्थित शिव कामेश्वर धाम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परम श्रद्धेय युगलगिरी महाराज जी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया। कुलदीप ने कहा कि उनके पिता स्व. चौ. भजन लाल की किरमारा धाम में अटूट श्रद्धा रही है और आज धाम में पहुंचकर उन्हें गहरी आत्मिक शांति की अनुभूति हुई। इससे पूर्व उन्होंने ब्रह्मलीन परम पूजनीय संत श्री श्री 1008 मुनि गिरी जी महाराज के श्रीचरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व सांसद ने इसके उपरांत जिले में कई सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। गांव मंगाली पहुंचकर उन्होंने जाम्भाणी सत्संग भागवत कथा में भाग लिया और बिश्नोई मंदिर मंगाली में ब्रह्मलीन संत स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज की स्मृति में बनाए गए स्मृति भवन का उद्घाटन किया।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : डॉ. पाटिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते मुख्य अतिथि।

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में आयोजित पांच दिवसीय अनुसूचित जाति की महिला किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने किया जबकि समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. शरणगौड़ा बी. पाटिल उपस्थित रहे। समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. एसबी पाटिल ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति की महिला किसानों को डेयरी क्षेत्र से संबंधित उन्नत वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों को अपनाकर महिला किसान डेयरी आधारित स्वरोजगार स्थापित कर सकती हैं तथा अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि मूल्य संवर्धित दुग्ध उत्पादों के माध्यम से महिला किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक वीरेंद्र श्योराण रहे।

## न्यूज डायरी



हिसार। संध्या कीर्तन में श्याम भजनों पर झूमते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### श्याम प्रभु का पीतांबरी वस्त्र लेने उमड़े भक्त

**हिसार।** सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्याम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः साढ़े 5 बजे बाबा श्री श्याम का पीतांबरी वस्त्र धारण कराया गया तथा अलसुबह प्रभु का भव्य एवं आलौकिक श्रृंगार किया गया। बाबा के दिव्य स्वरूप को पीले वस्त्रों एवं पीतांबरी पुष्पों से आकर्षक रूप से सजाया गया। दोपहर 12:15 बजे भोग आरती के समय मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तजन कतारों में खड़े होकर "जय श्री श्याम" के जयकारे लगाते हुए प्रभु के समक्ष नतमस्तक हुए। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को पीतांबरी वस्त्र एवं मीठे पीले चावल का भोग प्रसाद वितरित किया गया। शाम संध्या कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तजन भजनों पर झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान दिनेश बिंदल सहित त्रिलोक बंसल, रामकुमार गोयल, ओम प्रकाश गोयल, सुभाष बंसल, आशीष जैन आदि रहे।

### वसंती वस्त्र वितरण और श्याम रसोई की रही धूम

**हिसार।** आस्था के पर्याय महाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम में वसंत पंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया। इसके साथ ही पूरे धाम को पीले फूलों, रंग-बिरंगी लड़ियों व लाइट से सजाया गया। महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगी। इसके साथ ही भक्तों ने श्याम बाबा के समक्ष शीश नवाकर कष्टों के निवारण की कामना भी की। इस अवसर पर वसंती महाश्रृंगार आरती देखने लायक रही। इस दौरान भक्तों में वसंती वस्त्र भी वितरित किए गए और वसंती श्याम रसोई के माध्यम से श्रद्धालुओं को सात्विक प्रसाद भी वितरित किया गया।



हिसार। वसंत पंचमी महोत्सव में उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि




हिसार। राहुल गांधी से मिलते कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया।

### प्रशिक्षण शिविर में राहुल गांधी से मिले बृजलाल

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की ओर से कुरुक्षेत्र में आयोजित जिलाध्यक्षों के 10 दिवसीय संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के दौरान हिसार से जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठनात्मक स्थिति पर चर्चा की गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने राहुल गांधी को हिसार जिले में चल रहे संगठनात्मक कार्यों, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की प्रक्रिया, कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, जनसंपर्क कार्यक्रमों तथा कांग्रेस संगठन की जमीनी स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पार्टी का पूरा फोकस संगठन निर्माण और संगठन को मजबूती देने पर है। राहुल गांधी ने संगठनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की असली ताकत होता है।

### मिर्चपुर चौक को सर छोटूराम का नाम देने की मांग

**नारनौंद।** गांव मिर्चपुर के छकवांन पाना की चौपाल में दीनबंधु सर छोटूराम जयंती का आयोजन सर्वजात समन्वय समिति की तरफ से किया गया। समिति के अध्यक्ष मास्टर चंद्र प्रकाश ने बताया कि हम सबको मिलकर सभी महापुरुषों की जयंती खुले मंच पर एक साथ मिलकर बनानी चाहिए इससे 36 बिरादरी के लोगों में भाईचारा बनेगा। किसानों के हकों की आवाज बुलंद करने वाले दीनबंधु सर छोटूराम 8 अप्रैल 1938 को जब वह कृषि मंत्री होते थे तो वह मिर्चपुर गांव में आए थे। हमारी सरकार से मांग है कि वह जिस रास्ते से गांव में पहुंचे थे। उसी रास्ते पर जो चौक हैं। उसका नाम दीनबंधु सर छोटूराम के नाम पर रखा जाए और वहीं पर उनकी प्रतिमा भी बनाई जाए।

### गुजवि के ट्यूटर भर्ती पर फिर उठे सवाल

- टेंपरेरी भर्ती आरक्षित वर्गों की अनदेखी : सुभाष सैनी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में आरक्षित वर्गों की अनदेखी करके फिर से टेंपरेरी भर्ती का आरोप लगाते हुए ओबीसी छात्र मोर्चा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत करवाने की बात कही है। मोर्चा के अनुसार विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग में ट्यूटर भर्ती फिर विवादों में है। मुख्यमंत्री से मिलकर ओबीसी छात्र मोर्चा कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को हटाने की मांग करेगा। ओबीसी छात्र मोर्चा के संस्थापक व अध्यक्ष सुभाष सैनी ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों से विश्वविद्यालय को नर्सिंग विभाग की अनुमति मिलने मे अटकलें आ रही थी, अब कही जाकर नर्सिंग कौंसिल ऑफ इंडिया ने अनुमति दी। उन्होंने बताया कि नर्सिंग विभाग ने लगभग 10 पदों पर ट्यूटर की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। उन्होंने इस भर्ती पर आपति जताई।

# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, स्वामी विवेकानंद जयंती, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं वसंत पंचमी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। समारोह में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करते स्कूल प्राचार्य नीतीश मिश्र व अन्य। फोटो : हरिभूमि

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के साथ-साथ स्वामी विवेकानंद सरस्वती जयंती, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं वसंत पंचमी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करना, महान विभूतियों के विचारों से प्रेरणा लेना तथा भारतीय संस्कृति व परंपराओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत वसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती के पूजन से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के महत्व के बारे में बताया गया और सुरक्षित यातायात, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग तथा नियमों के पालन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने स्वामी विवेकानंद के शिकांगो धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक उद्बोधन भाइयों और बहनों का उल्लेख करते हुए उनके विचारों, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साहस, देशभक्ति और त्याग को याद करते हुए छात्रों से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।




हांसी। वसंत पंचमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली विद्यार्थी।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन में हर्षोल्लास के साथ मनाई वसंत पंचमी

- मां सरस्वती ज्ञान विवेक और संस्कार की प्रतीक : बहादुर सिंह

**हांसी।** वसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को यदुवंशी शिक्षा निकेतन के प्रांगण में विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्प एवं फूल अर्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विविध सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने वसंत पंचमी का महत्व बच्चों को बताते हुए कहा कि मां सरस्वती ज्ञान, विवेक और संस्कार की प्रतीक हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने बताया कि वसंत पंचमी जैसे पर्व विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, रचनात्मकता और भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलती है।

## वसंत पंचमी मां सरस्वती की आराधना का त्योहार : प्रो. किशनाराम

# वसंत पंचमी पर विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बिखेरे कला के रंग

- उत्साह व उल्लास से मनाया गया वसंत पंचमी का पर्व
- शिक्षा विभाग के सौजन्य से हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। वसंत पंचमी उत्सव का शुभारंभ करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की ओर से वसंत पंचमी उत्सव का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के सीआरएस सभागार में हुए इस उत्सव में रंगोली, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, पोस्टर/पेंटिंग, गायन, संस्कृत श्लोक पाठ, कहानी कथन, कविता पाठ एवं भाषण प्रतियोगिताएं हुई। धार्मिक अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष प्रो. किशना राम बिश्नोई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. वंदना पूनिया ने की। उप निदेशक जनसंपर्क डॉ. बिजेंद्र दहिया मुख्य वक्ता के रूप उपस्थित रहे।प्रो.किशनाराम ने अपने संबोधन में बताया कि जब ब्रह्माजी ने सृष्टि में नीरवता देखी, तब मां सरस्वती के अवतरण से वाणी, संगीत और ज्ञान का संचार हुआ। वसंत पंचमी मां सरस्वती की आराधना का त्यौहार है। प्रो. वंदना पूनिया ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में बताया कि वसंत पंचमी ज्ञान, विद्या और कला को समर्पित पावन पर्व है। यह पर्व ऋतु परिवर्तन और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है, जो प्रकृति और मानव जीवन में नवचेतना का संचार करता है। डॉ. बिजेंद्र दहिया ने कहा कि ऋतु परिवर्तन पर त्योहारों के मनाए जाने की भारत में समृद्ध परंपरा रही है। वसंत पंचमी उल्लास और उत्साह का उत्सव है।

### ये रहे पुरस्कार विजेता

रंगोली प्रतियोगिता में द्युतिप्रभा एवं साम्या ने प्रथम, खुशी एवं स्वाति ने द्वितीय व तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आर्ट एंड क्राफ्ट में गायत्री ने प्रथम, बरखा ने द्वितीय व प्रतिभा तृतीय रही। पोस्टर में हर्ष प्रथम व पेंटिंग में रूचि प्रथम रही। गायन प्रतियोगिता में अम्बुज प्रथम व मोहब्बत द्वितीय रही। संस्कृत श्लोक पाठ में समीक्षा पाटी प्रथम, कहानी कथन में कल्पना प्रथम, भूमिका द्वितीय व बृजकिशोर तृतीय रहे। कविता पाठ में अपूर्वा प्रथम, कल्पना द्वितीय, तमन्ना तृतीय व खुशी सांत्वना स्थान पर रही।



हिसार। वसंत पचंमी पर पतंगबाजी का मजा लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### रॉयल स्कूल में वसंत पंचमी पर दिखा रंगों का संगम

**हिसार।** रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा-खेडी में वसंत पंचमी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती तथा दीनबंधु सर छोटूराम की स्मृति में एक भव्य एवं प्रेरणादायी प्रातःकालीन प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा तथा प्रधानाचार्या जानुप्रिया कथूरिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, संघर्ष, बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अद्वितीय योगदान तथा दीनबंधु सर छोटूराम जी द्वारा किसानों और समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। वसंत पंचमी के अवसर पर विद्यार्थी अपने टिफिन बॉक्स में पीले रंग का व्यंजन लेकर आए जिसे उन्होंने सबके साथ मिल बांटकर खाया।

## खबर संक्षेप

### वसंत पंचमी पर नामदेव मंदिर में हुआ हवन-यज्ञ

**आदमपुर।** हाउसिंग बोर्ड स्थित संत नामदेव मंदिर तथा सदलपुर ढाणी स्थित नामदेव मंदिर में वसंत पंचमी पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें अनेक लोगों ने हवन यज्ञ में आहुति डाली। इस मौके पर पंडित सुरेंद्र चोटिया ने संत नामदेव का गुणगान करते हुए कहा कि हमें उनके बताए हुए दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर गोलू राम मिस्त्री, सुरेंद्र मोयल, पृथ्वी सिंह रेंजर, राजवीर सिंह, विनोद कुमार, ओमप्रकाश, राजाराम आदि मौजूद रहे।

### नेताजी की जयंती पर स्मृति सभा आयोजित

**हिसार।** आजादी आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर सेक्टर 4 के कम्युनिटी सेंटर में शहीद व महापुरुष यादगार कमेटी की तरफ से स्मृति सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता रिटायर्ड सीपीआरओ धर्मपाल ढुल ने की व संचालन कमेटी के सहसंयोजक प्रो. अशोक श्योराण ने किया। सभा को डॉ. महेंद्र सिंह रोहिला, प्रो. श्री भगवानख कमेटी के संयोजक मेहर सिंह बांगड़ व सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत शर्मा ने भी संबोधित किया।

### शहीद भगत सिंह समिति ने नेताजी की जयंती मनाई

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा कश्मीरी लाल ग्रोवर की अध्यक्षता में क्रान्ति चौक पर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमल किशोर शास्त्री ने शिरकत की। इस अवसर पर कश्मीरी लाल ग्रोवर ने कहा कि समिति की लम्बे समय से मांग है कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा क्रान्ति चौक हांसी पर लगाई जाए। इस अवसर पर अनु पण्डित, कश्मीरी लाल ग्रोवर, अजय भारद्वाज, रमेश भुटानी आदि थे।

### खंड शिक्षा अधिकारी जोगेंद्र सिंह को किया सम्मानित

**नारनौंद।** नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी जोगेंद्र सिंह मलिक का राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सम्मानित किया गया। साथ में उनकी पत्नी मीनाक्षी को भी गुलदस्ता भेंट किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रिंसिपल अरुण लोहान और जगदीश भैरों विशेष तौर पर मौजूद रहे। बीईओ मलिक ने कहा कि खंड के स्कूलों व शिक्षा के सुधार पर उनका फोकस रहेगा।

### छात्राओं ने युवा संवाद कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**हिसार।** फतेहचन्द महिला कॉलेज की तीन छात्राओं हरियाणा विधान सभा चंडीगढ़ में 'राजधानी युवा संवाद' की ओर से हुए 'युवा संवाद' कार्यक्रम में अपनी बौद्धिक व वाक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत बताया कि योगिता, साक्षी व नूतल समेत देश के 13 राज्यों से आए प्रतिभागियों का चयन एक कठिन चयन प्रक्रिया से हुआ। उन्होंने प्राध्यापिका डॉ. सुनीता रानी को भी इस उपलब्धि पर बधाई दी।

### गुजवि और आईसीएआई के बीच हुआ एमओयू

**हिसार।** शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य करने के लिए आईसीएआई व गुरु जंभेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) किया गया है। इस करार के तहत बी.कॉम, बी.कॉम (ऑनर्स), एम.कॉम और सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कॉमर्स पाठ्यक्रमों में अकादमिक सहयोग का विस्तार और सहयोगात्मक एवं पारस्परिक रूप से लाभकारी कार्यक्रमों के विकास को प्रोत्साहित और सुगम बनाया जाएगा।

### सर्व कल्याण मंच ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

**हिसार।** सर्व कल्याण मंच हरियाणा की हिसार टीम द्वारा जिलाध्यक्ष अशोक पूनिया की अध्यक्षता में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस मौके पर मंच के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी का जीवन त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है।

# विदुषी गार्गी बालिका छात्रावास का भूमि पूजन, सवा 2 करोड़ की लागत से बनेगा 4 मंजिला भवन

- सेवा भारती हरियाणा प्रदेश की ओर से हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

सेवा भारती हरियाणा प्रदेश की ओर से विदुषी गार्गी बालिका आवासीय परिसर के निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह शुक्रवार को शहर के रामपुरा मोहल्ला में रावलवासिया परिवार द्वारा प्रदत्त भूमि पर श्रद्धा, सेवा और संस्कार के वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गान द्वारा किया गया। बता दें कि प्रस्तावित विदुषी गार्गी बालिका आवासीय परिसर में लगभग 50 बालिकाओं के लिए छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। चार मंजिला इस भवन की अनुमानित लागत लगभग 2 करोड़ 25 लाख रुपये है। परिसर में 11 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा, आवास, भोजन एवं संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सेवा भारती माध्यमिक विद्यालय एवं लाड़वा स्थित छात्रावास के विद्यार्थियों ने राम कथा व चंद्रगुप्त मौर्य पर आधारित नाटिका एवं कराटे का प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया।

इन कार्यक्रमों ने जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रांत कार्यवाह प्रताप सिंह, हकृवि कुलपति डॉ. बीआर काम्बोज, लुवास कुलपति डॉ. विनोद कुमार, पवन जिंदल, कमल सर्राफ, भूपेन्द्र, सतीश कुमार, मोहित बंसल, बृजलता कंबोज, भीमसेन, सुदर्शनलाल सोनी, अंबिका प्रसाद, एलसी शर्मा, संजय भाटिया आदि उपस्थित थे।




हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते प्रांत संघ चालक प्रताप सिंह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन के साथ किया गया वंदे मातरम् के सामूहिक गान
- छात्रावास में 11 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा, आवास, भोजन एवं संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान किया जाएगा

### मानव सेवा से ही होता ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त : प्रताप सिंह

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक प्रताप सिंह रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर प्राप्ति का सर्वोच्च मार्ग है और जो व्यक्ति मानव सेवा में स्वयं को समर्पित करता है, वही समाज के लिए ईश्वर प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि सेवा भारती इसी भावना के साथ समाज के सहयोग से निरंतर सेवा कार्यों का विस्तार कर रही है। उन्होंने राष्ट्रसेवा के भाव को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिस प्रकार राष्ट्र की रक्षा में तैनात एक सिपाही के लिए पीछे लौटने का कोई विकल्प नहीं होता, उसी प्रकार संघ के स्वयंसेवक के लिए भी राष्ट्रसेवा में कोई विकल्प या वापसी का मार्ग नहीं होता। स्वयंसेवक अपना जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित कर सेवा पथ पर निरंतर अग्रसर रहता है।

### समाज हित में दिया गया दान सर्वोत्तम दान : डॉ. गुप्ता

पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि समाज हित में दिया गया दान सर्वोत्तम दान होता है। उन्होंने कहा कि समाज के जागरूक और जिम्मेदार नागरिकों के सहयोग से सेवा भारती पूरे भारत में सनातन परंपरा के महान व्यक्तित्वों के नाम पर विद्यालय, छात्रावास एवं सेवा संस्थान संचालित कर रही है।

### सेवा भारती बाल कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही : डॉ. त्यागी

सेवा भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ. यश देव त्यागी ने कहा कि सेवा भारती हरियाणा में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि आज सेवा भारती समाज के जरूरतमंद वर्ग, महिलाओं और बच्चों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है और भविष्य में इन कार्यों का और अधिक विस्तार किया जाएगा।

# पुलिस अलर्ट, डॉग स्क्वाड के साथ सार्वजनिक स्थानों पर जांची सुरक्षा

## गणतंत्र दिवस को लेकर जिला और रेलवे पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

- सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार क्षेत्रों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों एवं महत्वपूर्ण संस्थानों पर सघन छानबीन की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

गणतंत्र दिवस को देखते जिला पुलिस अलर्ट हो गई। प्रदेश में कई स्थानों को बम से उड़ाने की ईमेल आने के बाद पुलिस ने सर्च अभियान तेज कर दिया है। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने डॉग स्क्वाड सहित विभिन्न स्थानों पर व्यापक सर्च अभियान चलाया और जांच पड़ताल की। रेलवे पुलिस भी विभिन्न गाड़ियों में चेकिंग अभियान चलाकर सुरक्ष व्यवस्था जांच रही है। पुलिस ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कानून-व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले भर में डॉग स्कवायड सहित सघन सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार क्षेत्रों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों एवं महत्वपूर्ण संस्थानों की गहन जांच की गई। सर्च अभियान में बम निरोधक दस्ते एवं प्रशिक्षित डॉग स्क्वाड की विशेष भूमिका रही। अभियान का मुख्य उद्देश्य किसी भी संदिग्ध गतिविधि, असामाजिक तत्वों एवं संभावित खतरे को समय रहते रोकना तथा गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराना रहा। पुलिस टीमों ने वाहनों की भी जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। हिसार पुलिस जन सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर है।




हिसार। डॉग स्क्वाड के साथ जांच अभियान चलाती पुलिस और हांसी में कॉम्बिंग एवं सर्चिंग अभियान के दौरान होटल में रजिस्टर चेक करते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### हांसी में संवेदनशील स्थानों पर विशेष अभियान चलाया

**हांसी।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा निरंतर कॉम्बिंग एवं सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के अंतर्गत संवेदनशील स्थानों पर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं सत्यापन किया गया। साथ ही होटल, ढाबा, धर्मशाला, रिसोर्ट तथा अन्य ठहराव स्थलों पर ठहरे हुए व्यक्तियों के रिकॉर्ड की गहनता से जांच की गई। अभियान का उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर नजर रखते हुए किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को समाप्त करना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। सर्चिंग के दौरान पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें कहीं कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।




हिसार। जानकारी देती जिंदल अस्पताल के चिकित्सकों की टीम। फोटो : हरिभूमि

### अत्याधुनिक तकनीक से चीर-फाड़ के बिना बदला गया हार्ट का वाल्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हिसार के चिकित्सा क्षेत्र में हृदय रोग के उपचार में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। जिंदल अस्पताल में बिना किसी चीर-फाड़ के हार्ट के एओर्टिक वाल्व को सफलतापूर्वक बदला गया है। यह नई और अत्याधुनिक तकनीक ट्रांस कैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन (तावी) के नाम से जानी जाती है, जिसमें ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती। जिंदल अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिमेष अग्रवाल ने बताया कि शहर के प्रॉपर्टी व्यवसायी गुलशन सिंगला को सांस लेने में गंभीर तकलीफ के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज पहले से ही हाई शुगर, ब्लड प्रेशर और फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित थे। जांच में पाया गया कि उनके हार्ट के एओर्टिक वाल्व में अत्यधिक सिकुड़न और कैल्शियम का जमाव हो चुका था, जिससे हृदय की पंपिंग क्षमता कम हो गई थी और हार्ट कमजोर हो गया था। डॉ. अनिमेष अग्रवाल के अनुसार, ऐसे मामलों में वाल्व रिप्लेसमेंट ही एकमात्र उपचार विकल्प होता है। अब तक यह सर्जरी केवल ओपन हार्ट ऑपरेशन द्वारा ही संभव थी, जो कई मरीजों के लिए अत्यधिक जोखिम भरी होती है। तावी तकनीक के माध्यम से बिना चीर-फाड़ पैर की नस के रास्ते कृत्रिम वाल्व को हार्ट तक पहुंचाकर प्रत्यारोपित किया जाता है।

- जिंदल अस्पताल में हुई अत्याधुनिक हृदय चिकित्सा



आदमपुर। भाविप के स्थापना दिवस पर लगाए शिविर में रक्तदान करते युवा। फोटो : हरिभूमि

### स्थापना दिवस पर भाविप ने रक्तदान शिविर लगाया, 51 यूनिट रक्त संग्रह

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद द्वारा अपने स्थापना दिवस के अवसर पर सामान्य अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परिषद सदस्यों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानव सेवा का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होगा। शिविर का आयोजन रेड क्रॉस सोसायटी हिसार एवं सामान्य अस्पताल आदमपुर के चिकित्सक दल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज सैनी, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय संयोजक (सेवा) रामनिवास वर्मा ने की तथा प्रांतीय संयोजक (संस्कार) हुक्म चंद गोयल ने सहभागिता की। इस अवसर पर सामान्य अस्पताल के डॉ. जय प्रकाश, आदमपुर व्यापार मंडल के प्रधान नवीन बैनीवाल, संदीप गोयल, अजीत जाखड़, पंजाबी सभा के प्रधान जगदीश पटवारी, अनिरुद्ध ज्याणी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### फिगर स्केटिंग में पांच खिलाड़ियों ने जीते पदक

**नारनौंद।** लेह, लद्दाख में 20 जनवरी से शुरू हुई खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 में प्रदेश के खिलाड़ियों ने फिगर स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पांच पदक जीतकर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। हरियाणा की स्केटिंग के अध्यक्ष बिजेंद्र लोहान ने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और दो कांस्य पदक अपने नाम किए। विजेता खिलाड़ी नोविस महिला वर्ग में हिया अदलखा ने स्वर्ण पदक जीता। एडवांस महिला वर्ग में गौरी राय ने स्वर्ण पदक, नोविस पुरुष वर्ग में कपिश कौशिक ने रजत पदक, एडवांस महिला वर्ग में चेल्सी सिंह ने कांस्य पदक, एडवांस पुरुष वर्ग में जतिन सहरावत ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में हरियाणा के खिलाड़ी शीतकालीन खेलों में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

- लेह, लद्दाख में 20 से शुरू हुए थे खेलो इंडिया विंटर गेम्स

### टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में गुजवि तीनों विषय श्रेणियों में नंबर वन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने 'जीव विज्ञान' विषय श्रेणी में भारत में 23वां व विश्व में 601-800वां, 'भौतिक विज्ञान' विषय श्रेणी में भारत में 37वां व विश्व में 801-1000वां स्थान तथा 'इंजीनियरिंग' विषय श्रेणी में भारत में 46वां व विश्व में 801-1000वां' स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि उच्च शिक्षा में विश्व स्तर पर गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन है। उन्होंने बताया कि टाइम्स हायर एजुकेशन ने विश्वविद्यालय को तीनों श्रेणियों में मूल्यांकन के पांच मुख्य स्तंभों के आधार पर रैंक किया है, जिसमें शिक्षण, अनुसंधान पर्यावरण, अनुसंधान गुणवत्ता, उद्योग तथा अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण शामिल हैं। टीचिंग में शिक्षण प्रतिष्ठा, छात्र-शिक्षक अनुपात, डॉक्टरेट-स्नातक अनुपात, डॉक्टरेट-कर्मचारी अनुपात और संस्थागत आय का मूल्यांकन किया जाता है। अनुसंधान पर्यावरण, अनुसंधान प्रतिष्ठा, आय और उत्पादकता पर केंद्रित है। अनुसंधान गुणवत्ता में उद्धरण प्रभाव, अनुसंधान शक्ति, अनुसंधान उत्कृष्टता और प्रभाव शामिल हैं। उद्योग, औद्योगिक साझेदारी व पेटेंट से होने वाली आय को मापता है। अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी, कर्मचारी तथा सह-लेखन शामिल हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि इस साल की रैंकिंग में टाइम्स ने 98 देशों और क्षेत्रों के 1,555 विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया है, जिसमें टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 के समान 18 विश्वसनीय और कठोर प्रदर्शन संकेतकों का उपयोग किया गया है, जिन्हें इंजीनियरिंग क्षेत्रों के अनुरूप फिर से कैलिब्रेट किया गया है।

- शिक्षण, अनुसंधान पर्यावरण, अनुसंधान गुणवत्ता, उद्योग और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण रहे मूल्यांकन के पांच मुख्य स्तंभ

### हांसी पुलिस लाइन में दिया योग का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

पुलिस लाइन में शुक्रवार को योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस हांसी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम पर विशेष बल दिया गया, जो मानसिक शांति, एकाग्रता तथा सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने में अत्यंत सहायक माने जाते हैं। इस अवसर पर लाइन ऑफिसर उप-निरीक्षक प्रदीप कुमार ने पुलिस कर्मियों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि नियमित योग अभ्यास से अनेक रोगों से बचाव संभव है तथा कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है।



हिसार। गुजवि कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई को ज्ञापन सौंपते यूनियन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### कर्मचारियों को भी दिया जाए जॉब सिक्योरिटी एक्ट का लाभः पाली

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार ब्रांच प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान रामनिवास पाली के नेतृत्व में हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी एक्ट का लाभ देने की मांग पर मुख्यमंत्री, राज्यपाल व मुख्य सचिव के नाम विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा। ब्रांच प्रधान रामनिवास पाली ने बताया कि प्रदेश में सभी विश्वविद्यालयों में एचकेआरएनएल के माध्यम से लगभग 10-15 वर्षों से अनुबंध (पार्ट-1) आधार पर कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा कच्चे कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सेवा सुरक्षा अधिनियम 2024 लाया गया है, लेकिन प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को इस एक्ट से बाहर रखा गया है, जो उनके साथ अन्याय है। प्रतिनिधिमंडल में सचिव अमरजीत, कैशियर रामधारी, रोहतास बुगालिया, प्रेम सिंह चोपड़ा, सतवीर सिंह गुर्जर, सत्यवान सोढ़ी व सुभाष यादव आदि भी शामिल रहे।

## विधायक ने नेताजी जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन, जीवन पर डाला प्रकाश

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को अपनाकर आगे बढ़ें युवा : चंद्रप्रकाश

- विधायक को आर्यनगर की 36 बिरादरी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आर्यनगर में आजाद युवा मंडल द्वारा नेताजी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में आदमपुर से कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। आयोजक मंडल व गांव की 36 बिरादरी ने शॉल ओढाकर एवं स्मृति चिन्ह, नेताजी का चित्र व पुष्प गुच्छ भेंट करके विधायक को सम्मानित किया। समारोह के दौरान चंद्रप्रकाश ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित करके उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद किया। नेताजी जयंती समारोह के दौरान विधायक चंद्रप्रकाश ने वसंत पंचमी की बधाई देते हुए कहा कि आजाद युवा मंडल व समस्त ग्रामवासियों द्वारा मिले स्नेह व सत्कार ने अभिभूत कर दिया है। वे इस मान-सम्मान को कभी भुला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बहुत से युवा भ्रमित होकर दिशाहीन हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व को समझना और भी प्रासंगिक हो जाता है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि नेताजी ने देश की खातिर अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया।



हिसार। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह में विधायक चंद्रप्रकाश को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### आर्य नगर गुरुकुल में मनाई नेताजी की जयंती

**हिसार।** आर्य नगर गुरुकुल प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर अश्वनी शर्मा शामिल हुए। उन्होंने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान है। देश ऐसे वीर योद्धा के प्रति नतमस्तक है। नेताजी के आदर्श एक मजबूत भारत बनाने के लिए हरेक को प्रेरित करते हैं।




### देश की आजादी के लिए बोस ने अपना जीवन समर्पित कर दिया : मेयर

**हिसार।** महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पर मेयर प्रवीण पोपली ने कैंप चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मेयर प्रवीण पोपली ने नेताजी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में से एक थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया।



### ग्लोबल स्पेस के बाशिंदों का आरोप बिल्डर रंजिशन नहीं दे रहे सुविधाएं



हिसार। ग्लोबल स्पेस में पहुंचे डीटीपी दिनेश सिंह। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** डीटीपी की ओर से ग्लोबल स्पेस क्षेत्र में सामुदायिक भवनों के दुरुपयोग पर कार्रवाई होने से बिल्डर द्वारा यहां मूलभूत सुविधाएं रोके जाने का आरोप लगाया गया है। ग्लोबल स्पेस क्षेत्र में 19 जनवरी से स्टीट लाइट, कूड़ा उठान, सफाई व्यवस्था के साथ पेयजल की सप्लाई रोक दी गई। बाद में डीटीपी दिनेश सिंह के हस्तक्षेप तथा प्रशासनिक सहयोग से यहां लोगों को पेयजल सप्लाई तथा स्टीट लाइट की सुविधा शुरू करवाई गई। ग्लोबल स्पेस रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी पदाधिकारी जयभगवान बडाला व सचिव नरेश सैनी ने बताया कि डीटीपी मौके पर लगभग दो घंटे तक रहे। बावजूद इसके बिल्डर की मनमानी चलती रही। डीटीपी ने अपनी मौजूदगी में शाम पांच बजे निवासियों के लिए पेयजल सप्लाई करवाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कूड़ा उठान, सफाई व अन्य जरूरी सुविधाओं को अभी भी बिल्डर द्वारा शुरू नहीं किया गया है जिससे क्षेत्र के नागरिक परेशान हैं।